मानवाधिकार क्लब

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार मीरा कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. मीना बया के निर्देशन में सत्र 2022–23 के लिए मानवाधिकार क्लब का गठन किया गया। क्लब की प्रभारी अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया थी। इस क्लब द्वारा सत्र 2022–23 में छात्राओं को मानवाधिकारों के प्रति जागरुक करने की दृष्टि से सत्र पर्यन्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

दिनांक 30.9.2022 को 'भारत में महिला अधिकार' विषय पर रसायन शास्त्र विभाग के सह– आचार्य डॉ. मनोज छंगाणी का व्याख्यान आयोजित किया गया।

दिनांक 01.10.2022 को 'सुरक्षित हो महिला' विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

दिनांक 03.11.2022 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

दिनांक 04.11.2022 को 'बाल श्रमिक की व्यथा' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 26.11.2022 को संविधान दिवस के अवसर पर एक वर्कशॉप आयोजित की गई।

दिनांक 10.12.2022 को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 'मानवाधिकार संरक्षण में युवाओं की भूमिका' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. मंजु फड़िया थी। इस दौरान संकाय सदस्यों एवं छात्राओं ने मानवाधिकारों के संरक्षण की शपथ ली।